कलेक्ट्रेट के समक्ष अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया

भरतपुर (निस)। भरतपुर में रविवार से ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार के द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। इस मौके पर ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार संगठन के अध्यक्ष रमेश चन्द शर्मा ने बताया कि संसद ने सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजनाएं पाबन्दी कानून 2019 बनाकर ठग सोसायटीज में डूबी हुई जमा राशि को पीडित आवेदक को 180 दिन में जमा राशि के दो से तीन गुणा वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। संसद और सरकार ने कानून बनाकर जनता को यह विश्वास दिलाया था कि सरकार उनका डूबा हुआ ठगा हुआ धन वापस करेगी और दोषी संचालकों को दण्डित करेगी। लेकिन कानून बने 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी संघ और राज्यों ने कानून के अंतर्गत पीडितों से न आवेदन आमंत्रित किए और न आवेदन लेने के बाद उनका धन विधिसम्मत रूप से वापस किया। कानून की अवहेलना करते हुए गैर कानूनी रूप से सहारा सीआरसी, सेबी, पर्ल्स जैसे पोर्टल खोलने का झांसा देकर कानून को खत्म करने की साजिश कर रहा है। जबकि भुगतान न होने के कारण निवेशक और कथित एजेंट साथियों में तनाव बना हुआ है। भुगतान के लिए कई बार प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को

भरतपुर में ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार के द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया।

ज्ञापन दिए जा चुके हैं। लेकिन भुगतान नही हो पा रहा है। जिससे परेशान होकर ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार अनिश्चित आंदोलन शुरू करने को मजबूर हुआ है। निवेशक और एजेंट दर-दर की ठोकरें खा रहा है तथा सहारा इण्डिया से 13 करोड़ जमाकर्ताओं का हड़पा हुआ धन और सहारा इण्डिया के कार्यकर्ताओं का बकाया टीडीएस, फ्यूचर फण्ड और कमीशन भी दिलाया जाये। केन्द्र सरकार की अनदेखी और उदासीनता के कारण 13 करोड़ जमाकर्ताओं का ब्याज सहित लगभग ढाई लाख करोड़ इन कम्पनियों में जमा है। सहारा इण्डिया क्यूशोप, सहारा इण्डिया कॉमर्शियल लिमिटेड और सहारा की सहकारिता कम्पनियों में हमारा क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, सहारा क्रेडिट कॉपरेटिव लि, सहारा यूनिवर्सल मल्टीपरपज सोसायटी और अन्य कम्पनियों ने हड़प लिया है। जिसके कारण देशभर में लगभग 10 हजार कार्यकर्ता एवं एजेंट ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है और लाखों लोग घर से बेघर हो गये हैं। असहयोग सत्याग्रह आन्दोलन शांतिपूर्वक अनिश्चितकालीन चलाने का आ ान किया गया। जब तक भुगतान नहीं होगा, तब तक हम धरना जारी रखने की बात कही। धरने में शामिल रमेश चंद शर्मा, ताराचंद आजाद, अमित चौधरी, पवनेश मिश्रा आदि लोगों ने भाग लिया।

लवकुश जन्मोत्सव और शोभायात्रा निकाली

करौली(नि.स.)। करौली जिले के मंडरायल क्षेत्र के हरीपुरा गांव में कुशवाहा समाज ने बडी धूमधाम से आराध्य देव लवकुश जयंती मनाई। जिसमे कलश एवं शोभायात्रा,लवकुश झाकी और लवकुश घोडा पकडे हुऐ झांकी निकाली गई इस अवसर पर मुख्य अथिति वरिष्ठ समाज सेवी जगदीश सिंह कच्छवाह करौली रहे एवं विशिष्ट अथिति प्रदेश मीडिया प्रभारी डी के कुशवाहा धौलपुर रहे।

इस अवसर पर मुरारीलाल कुशवाह करौली,कमल सरपंच नीदर,किशोर कुशवाह, अमरलाल कुशवाह,मुरारी कुशवाह तहसील अध्यक्ष,अर्जुन,होरीलाल,अमरसिंह, किशनलाल, बद्री प्रसाद, कल्याण सिंह, रामजीलाल,रामस्वरूप आदि बरिष्ठ कुशवाहा समाज बंधु उपस्थित रहे और लवकुश एवं शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का पूजन संत मुरारी दास महाराज ने बनखंडी पर किया। जिसमे उपस्थित नीदर सरपंच कमल नीदर,रामकेश कुशवाह,मिश्रिलाल कुशवाह, शिवकुमार कुशवाहा, रूपा, हरिसिंह, रामनरेश,अशोक सहित क्षेत्रीय हरीपुरा के सभी कुशवाहा समाज से सैकडो की संख्या में युवा एवं महिला और बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जगदीश कछवाहा ने सूर्यवंशी कुशवाहा क्षित्रय समाज के इतिहास पर प्रकाश डाला और विशिष्ट अतिथि मीडिया प्रभारी डीके कुशवाहा धौलपुर ने लवकुश बोर्ड और कुशवाहा आरक्षण और कुशवाहा समाज के सामाजिक,आर्थिक और शैक्षिणक स्तर को लेकर प्रकाश डालते हुए बच्चों की पढाई पर जोर देने तथा कुशवाहा समाज के गौरव मई इतिहास पर प्रकाश डाला।

बैठक का हुआ आयोजन

करौली(नि.स.)। रविवार को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कि बैठक करौली में पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड के निवास पर आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर सीबी यादव रहे। उन्होनें कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया करौली पहुंचने पर यादव का करौली पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि जलधारी मीणा, संगठन के प्रदेश सचिव उदय सिंह जाटव द्वारा स्वागत सम्मान किया इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भरतपुर संभाग प्रभारी दशरथ मीणा, प्रदेश महा सचिव डॉ. मोहन मीणा, मजीद खान चैन सिंह लीलोटी, विकास जाटव, हुकम चंद सैनी, लेखराज टाटावत, अब्दुल सलीम खान, द्वारका माली, राजेश मीणा सहित संगठन से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

जिला कार्यकारिणी की मीटिंग आयोजित

भरतपुर (निस)। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति भरतपुर की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग भगतसिंह मार्डन माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर में मुख्य संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुंतल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य संयोजक कुन्तल ने बताया कि भरतपुर जिला में वर्तमान में संचालित 33 योग कक्षाओं में वृद्धि कर अक्टूबर माह तक 50 योग कक्षाओं का लक्ष्य निर्धारित करने, लोहागढ स्टेडियम, नेताजी सुभाषचंद बोस आवासीय विद्यालय न्यू पुष्पवाटिका कोलोनी, रेलवे गेस्ट हाउस के पास पार्क में, सितम्बर के अन्तिम सप्ताह में 5 दिवसीय योग शिविर आयोजित कर नई योग क्लास संचालित करवाने एवं विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में मोटापा तथा मधुमेह का 7 दिवसीय योग शिविर 20 सितम्बर से चालू करने, प्रत्येक तहसील में 8 सितम्बर रविवार को मीटिंग आयोजित करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। हरिद्वार पतंजलि योगपीठ से प्राप्त 10 मुख्य सहयोग शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र सत्यदेव आर्य, चन्दर सिंह, सुमनलता, राजेश, गोविन्द सिंह, सुरेश चंद गुप्ता, भंवर सिह, दिग्विजय सिंह, सुनीता, मनीराम को प्रदान किये गये। हरिद्वार पतंजलि योग पीठ में मुख्य सहयोग शिक्षकों का प्रशिक्षण 3 से 7 सितम्बर 2024 तक के आयोजन में भरतपुर से शिव कुमार एवं भगवान दास गुप्ता का चयन किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी गंगो सिंह, महिला जिला प्रभारी गायत्री आर्य, वेदवती आर्य, ओमवीर सिंह, भूप सिंह, उत्तम सिंह, जलसिंह फौजदार, सुरेश चंद गुप्ता, सुरेश गोयल आदि उपस्थित थे।

पॉचवी डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिन 2024 का आयोजन

भरतपुर (निस)। राजस्थान योगासन स्पोर्ट एसोसिएसन एवं रजवाडी योग सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में पॉचवी डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिन 2024 का आयोजन टैक्नोलॉजी पार्क योगा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के ओडिटोरियम में मुख्य अतिथि उप निदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ इन्दु शर्मा, टैक्नोलॉजी पार्क के निदेशक डॉ आलोक शर्मा की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के कोर्डिनेटर सचिव केशव सिंह ने बताया कि राजस्थान योगासान स्पोर्ट एसोसिएसन द्वारा पूरे राज्य में जिलेवार योग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्रायें स्टेट लेवल पर भाग लेंगे एवं उनके प्रमाण पत्रों से नौकरी और अन्य स्थानों पर नम्बर मिलेंगे। इस प्रतियोगिता की प्रमुख विशेषता यह है कि जो छात्र-छात्राएं भाग लेंगे एवं राष्टीय व राज्य स्तर पर जायेंगे उनके प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा अधिकृत हैं।

इस अवसर पर राजेश कुमारी ने प्रतियोगिता की बारिकियों तथा नियमों से अवगत कराया।

जिनमें बालिका वर्ग 9 से 14 वर्ष सब जूनियर वर्ग में रंशिका व पुरूष वर्ग में गगन प्रताप सिंह व पुरूष वर्ग जूनियर (14 से 18 वर्ष) डब्बू व बालिका वर्ग में आयुशी वर्ग में (18 से अधिक आयु) प्रांजल बालिका वर्ग में तथा सीनियर पुरूष वर्ग में गौरव प्रथम रहे। तथा सीनियर पुरूष वर्ग में गोविन्द परमार व महिला वर्ग में नेहा डागुर सीनियर बी वर्ग में राजू राजा व सीनियर सी वर्ग में कपिल देव शर्मा ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 3 राउण्ड में योग प्रदर्शन रखा गया जिसमें अनिवार्य और स्वैच्छिक वैकल्पिक जटिल आसनों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि सहायक निदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ इन्दु शर्मा ने अपने उद्बोधन में योग शिक्षा के क्षेत्र में अपार सम्भावनाओं की जानकारी दी तथा भरतपुर में योग शिक्षा को और अधिक समृद्व करने की बात कही।

अध्यक्षता करते हुए डॉ आलोक शर्मा ने योग एवं भारत सरकार की योग के प्रति जागरूकता के कारण योग से होने वाले फायदे एवं योग को रोजगार के लिए कैरियर बनाने के दिशा में युवाओं को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में योग रेफरी, प्रशिक्षण प्राप्त उदयभान सिंह, मयंक शर्मा, मोना कुमारी, अभिनाश सोनी रहे। टैक्नीकल इंचार्ज योगेश शर्मा एवं टाइम कीपिंग व व्यवस्था प्रबन्धन योगाचार्य केशव सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीसी सैनी, विनोद अवस्थी, मीरा देवी, मुनेश कुमार, डॉ. सन्जू शर्मा, डा. हरिमणि लाल शर्मा, डॉ. रेनू पाराशर, डॉ. पुष्पा कंवर, पूनम चौधरी, गोपाल प्रसाद, प्रेम प्रकाश पाण्डेय, महेन्द्र सिंह, अशोक गुर्जर, डॉ नीता माथुर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

ठगे पीड़ित लोगों ने शुरू किया धरना

धौलपुर। धौलपुर जिला कलेक्ट्रेट के बाहर एक ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया है। संगठन के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि कई कंपनियों द्वारा जमाकर्ताओं से ठगी की गई है। ठगी होने के बाद भी उनका भुगतान नहीं किया गया है। ठगी पीड़ित परिवारों द्वारा पैसा वापस लेने के लिए पूरे भारतवर्ष में एक संगठन बनाया है। जिस संगठन के जरिए तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है।

उन्होंने बताया कि उनकी मुख्य मांग अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत प्रत्येक ठगी पीड़ित निवेशक को जमा राशि का 2 से 3 गुना भुगतान दिलाना है। इसके साथ ही निर्दोष एजेंट को सुरक्षा सम्मान रोजगार और पुनर्वास का अधिकार देने की भी मांग की गई है। संगठन के जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2030 की धारा 111 के तहत प्रत्येक ठग और बेईमान को मृत्यु दंड देकर भारतवर्ष को ठग मुक्त और बेईमान रहित राष्ट्रीयराज के रूप में स्थापित करने की भी उनकी मांग है।

उन्होंने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर के बाहर उनका अनिश्चितकालीन धरना शुरू हो गया है।

धरने के पहले दिन संगठन से जुड़े लोगों के साथ एजेंट और निवेशक मौजूद रहे।

पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर

धौलपुर । धौलपुर शहर की सदर थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी हुई बिजली की मोटर को भी बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि कार्रवाई करते हुए तोर तिराहे से शातिर चोर देवेन्द्र उर्फ टंकी पुत्र विजय सिंह जाटव उम्र 24 साल निवासी रामनगर तोर का पुरा थाना सदर धौलपुर को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि बीएनएस में चोरी गये माल एक बिजली की मोटर को भी बरामद किया गया है। मामले को लेकर चोर से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि 25 अगस्त 2024 को रंजीत सिंह पुत्र प्रहलाद कुशवाह निवासी कच्छपुरा थाना कंचनपुर हाल निवास प्रताप नगर जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जिसमें उसने बताया कि उसका डाबर हॉट मिक्स प्लांट जाट होटल से आगे जीटी रोड के किनारे स्थित है। जहां से 2 अगस्त को प्लांट में पीछे की तरफ एक मोटर पटा को वाईब्रेशन करने वाली रखी थी। जिसको कोई पीछे से चुरा कर ले गया। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया है।

मदर मिल्क बैंक का 8वां स्थापना दिवस मनाया

भरतपुर(निस)। रविवार को जनाना अस्पताल स्थित आंचल मदर मिल्क बैंक का 8वां स्थापना दिवस आरबीएम अस्पताल के कार्यवाहक पीएमओ डॉ राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ हिमांशु गोयल भी मौजूद रहे। इस मौके पर मिल्क डोनेट करने में इस वर्ष सराहनीय योगदान करने वाली मिहलाओं का स्वास्थ्य मंदिर महिला ईकाई एवं आंचल मदर मिल्क बैंक की ओर से उपहार भैंट कर एवं माला पहना कर सम्मान किया। आंचल मदर मिल्क बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर केक काटकर हर्ष जताया गया। इस मौके पर आंचल मदर मिल्क बैंक प्रभारी अंजना शर्मा ने बताया कि मदर मिल्क बैंक का प्रयास रहता है कि सभी नवजात बच्चों एवं शिशुओं को उनकी मां का दूध मिले। वहीं ऐसे नवजात बच्चे जिन्हें किन्ही परिस्थिति में मां का दूध नहीं मिल पाता है। उनको मिल्क बैंक में माताओं के द्वारा डोनेट किया दूध उपलब्ध कराया जाता है। स्थापना दिवस के मौके पर मिल्क डोनेट करने में सराहनीय योगदान करने वाली माताओं का सम्मान कर आंचर मदर मिल्क बैंक प्रभारी अंजू शर्मा एवं स्वास्थ्य मंदिर महिला ईकाई की अध्यक्ष कविता गोयल इन महिलाओं के योगदान को सराहा।

मांगे पूरी नहीं होने पर शिक्षक करेंगे आंदोलन

कोटा, (निसं)। शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) द्वारा प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान के अतरिक्त निदेशक टीमा राम मीणा को शिक्षको की तीन सूत्री मांगों के समाधान के लिए राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर व शिक्षा सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

अतरिक्त निदेशक मीणा ने ज्ञापन को राज्य सरकार को भिजवाने व उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई ने बताया की शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमे ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर पर शिक्षकों का सम्मान किया जाता हैं। लेकिन ब्लॉक जिला व राज्य स्तर पर सम्मानित होने वाले व आवेदन करने वाले सभी शिक्षको के आवेदन व आवेदन की गई मार्किंग व लगाएं गए समस्त दस्तावेजों को ऑनलाईन जारी किया जाएं जिससे जिनका चयन नही हुआ है उन्हें पता चल सके की उनके काम में कहा कमी रही और आगे वो भी अच्छा कार्य कर सकें। नंबर जारी नही करने से सम्मान समारोह की प्रक्रिया पारदर्शी है या नहीं पर संशय होना जायज हैं। क्योंकि ब्लॉक व जिला स्तर पर सम्मानित होने वाले शिक्षको को राज्य स्तर पर सम्मानित नही किया जा रहा हैं। जबकि पहली बार में ही राज्य स्तर पर सम्मानित किए जा रहे है इसलिए आवेदन करने वाले सभी शिक्षकों के आवेदन सभी दस्तावेज सहित मार्किंग ऑनलाईन किए जाएं जिससे सम्मान समारोह की प्रक्रिया पारदर्शी हो सकें।

राणेजा, ब्राह्मण समाज की 355 प्रतिभाएं हुई सम्मानित

गंगापुर सिटी । श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना संघ का राज्य स्तरीय प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह उदेई मोड स्थित भगवती मैरिज होम पैलेस में किया गया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों 8वीं, 10वीं, 12वीं, एमबीबीएस, आई आईटी, जेईई, आरएएस, आईएएस, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित, हाल ही सरकारी सेवा में चयनित, विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, उपखड, जिला और राज्य स्तर पर सम्मानित प्राप्त समाज की करीब 355 प्रतिभाओं के साथ-साथ भामाशाहों का भी प्रशस्ति पत्र, मेडल, शील्ड और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। साथ ही बच्चों को खासकर बालिकाओं को शिक्षित करने पर जोर देते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा के साथ अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर संस्कार और आचरण देवें, ताकि घर-परिवार के साथ समाज में मान-सम्मान बढ सकें। मुख्य अतिथि राणेजा ने ईडब्ल्यूएस में हक के लिए समाज के लोगों से आगे आने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान समाज की बालक-बालिकाओं ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। मीडिया प्रभारी गौरीशंकर शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, सेवानिवृत गोविंद

अतिथियो का सम्मान करते एवं प्रतिभाओ का सम्मान करते विप्रजन।

दीक्षित, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित, कुलदीप जैमिनी, महेन्द्र लोढी, डॉ. राजेन्द्र शास्त्री, डॉ. शैल शास्त्री, मुकेश व्यास, धर्मेन्द्र शर्मा, ब्लाक महामंत्री जितेन्द्र शर्मा, मनोज हरदेनिया, राकेश उपाध्यक्ष, अमित महंत, रजनीश, मृगेन्द्र, अजंय खुटला, कृपाशंकर, गोपाल शर्मा सहित समाज के सैंकडों की संख्या में महिला-पुरुष, बुजुर्ग, युवा मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राष्ट ीय परशुराम सेना संघ के राष्ट ीय अध्यक्ष दिनेश राणेजा, विशिष्ट अतिथि राष्टीय प्रभारी सुनील पीडी, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश पचौरी, प्रदेश अध्यक्ष जयपुर संभाग ओमप्रकाश शर्मा, कॉस्मोस हॉस्पीटल जयपुर के निदेशक बुद्धिप्रकाश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान राजेश तिवाडी, एडवोकेट हरिकिशन तिवाडी, रविनदंन बहनोज राज्य सचिव स्काउट गाइड, शिल्पा शर्मा प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, प्रियंका शर्मा आदि मंचासीन थे। अतिथियों ने भगवान परशुरामजी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यऋम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का आयोजकों जिलाध्यक्ष अनुज शर्मा, कार्यक्रम संयोजक अजय पाराशर, महामंत्री कमलेश जोशी आदि मौजूद रहे।

तालेड्डा तहसीलदार कटवा रहे पेड़

बून्दी। पर्यावरण को शुद्ध रखने को लेकर केंद्र और राज्य सरकार अभियान चला कर सधन वृक्षारोपण का कार्य करवाया जा रहा हैं। राजस्थान में भी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसारएक पेड मां के नाम अभियान चला कर पूरे राज्य में सघन पौधोरापण किया जाहरा हैं, वहीं दूसरी तरफ तालेड़ा तहसीलदार हरे भरे पेड़ों पर आरी चलावा रहे हैं।

तालेड़ा तहसीलदार मनीष मीणा ने आदेश जारी कर निजी विद्यालय नेंवी किड्स कांवेंट के सामने वन विभाग के द्वारा लगाए पेड़ों को कटवा दिया। जबकि वन विभाग द्वारा लगाए गए पेड़ पौधों को काटने की अनुमति वन विभाग ि जारी कर सकता हैं। तालेडा जहसीलदार ने न केवल इन रहे पेड़ों को कटवाया अपितु 18 हज़ार रुपए में उनहें नीलाम भी करवा दिया। हरे पेड़ों को कटवाने की जानकारी मिलने पर ठामीणों ने वनविभाग को इन पेड़ों के कटवाए जाने की सूचना दी। जिस पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर एक पिकअप और काटने वाले संसाधनों को जप्त किया।

रेंजर दीपक जासू ने बताया कि वृक्षों को काटने की अनुमति वन विभाग द्वारा दी जा सकती हैं। भूमि किसी भी विभाग की हो, वन विभाग द्वारा लगाए गए पेड़ पौधों को काटने की अनुमति वन विभाग ही दे सकता है। इन्होंने तहसीलदार द्वारा दी गई अनुमति नियम अनुसार गलत बताया और कहा कि उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई हैं, उनसे निर्देश प्राप्त कर नियमो के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

रोठ स्वामीजी महाराज की पूजा अर्चना की

कोटा, (निसं)। कोटा पोरवाल वैश्य समाज के कोटा में 2000 से अधिक परिवार हैं, जो उनका पारंपरिक महापर्व रोठ मानते हैं। रोठ पर्व के साथ ही पूजा अर्चना होती है, स्वादिष्ट खीर बनाई जाती है और सभी परिवार आपस में मिलकर प्रसादी स्वरूप स्वीकार कर रोठ पर्व को मानते हैं।

इस अवसर पर रोठ स्वामी महाराज की पूजा अर्चना कर अपने परिवार के लोगों की लंबी उम्र की कामना और वर्षो से बाहर रह रहे स्वजन के घर लौटने भी की प्रार्थना की जाती है।

सार-समाचार

शुगर व वीपी जांच शिविर लगाया

बीपी शुगर की जांच करते लायन्स क्लब सदस्य।

गंगापुर सिटी । लायंस क्लब गंगापुर सिटी द्वारा प्रांत पाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोडा डिस्ट्रिक्ट 3233 ई1 के प्रांतीय कार्यक्रम अनुसार स्थानीय हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित कुशालगढ पार्क में नि:शुल्क डायबिटीज बीपी व स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें 225 महिला और पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण डायबिटीज बीपी जांच कर वजन तोला गया। इस कैंप का आयोजन नर्सिंग ऑफिसर बाटोदा राजेश गोयल के दिशा निर्देशन में किया गया। डायबिटीज की जांच लायन विजय अग्रवाल, बी पी मापन का कार्य लायन अवध बिहारी अग्रवाल और लायन राजेंद्र गुप्ता एकाउंटेंट ने किया जबकि वजन मापन लायन दीनदयाल गुप्ता ने किया। लाइंस क्लब अध्यक्ष सुरेश चन्द गुप्ता ने कहा कि हेल्थ इज वेल्थ, स्वास्थ्य ही सबसे बडा धन है। कार्यक्रम के संयोजक लायन राजेंद्र अकाउंटेंट और लायन राजेंद्र बी आर मेडिकल वाले रहे। इस शिविर में रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन आशीष शर्मा, लायन राधेश्याम विजयवर्गीय, लायन बृजेंद्र सिंह गुर्जर आदि कई सदस्य मौजूद रहे।

ज्ञापन सौंपा

भरतपुर (निस)। एलएचबी एएनएम संघ ऑफ राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष कमला मीणा के नेतृत्व में राज्य के चिकत्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर एवम बैर क्षेत्र के भाजपा विधायक बहादुर सिंह कोली को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। प्रदेशाध्यक्ष कमला मीणा एवं भरतपुर जिलाध्यक्ष राजबाला की अध्यक्षता में दिए गए ज्ञापन में एलएचबी एएनएम बीएचएसएफ महिला नर्सिंग संवर्ग का पदनाम परिवर्तन करने एवम एएनएम महिला नर्सिंग संवर्ग की ग्रेड पे 2800 से 3600 करने एवं एलएचबी महिला संवर्ग की पे ग्रेड 3600 से 4200 एवम बीएचएसएफ की 5600 ग्रेड पे किए जाने एवम 1486 उप स्वास्थ्य केंद्रों को वित्तीय स्वीकृति जारी किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देते समय एलएचबी एएनएम संघ ऑफ राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष कमला मीना भरतपुर जिलाध्यक्ष राजबाला के अलावा सुमन शशि मीनू शशी देवी मुन्नी सहित अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

आज बंद किए बांध के गेट

बयाना भरतपुर (निस)। उपखंड व भरतपुर जिले के सबसे बड़े बांध बंध बारेठा बांध के लबालब होने के बाद शनिवार को सुबह 10 बजे ओवरफ्लो पानी की निकासी के लिए खोले गए बांध के गेट आज रविवार को को सुबह 8 बजे बंद कर पानी की निकासी बंद कर दी गई है। सहायक अभियंता दशरथ सिंह ने बताया कि बांध के कैचमेंट एरिया में भारी बारिश होने के बाद रविवार को बांध का जलस्तर बढ़ने पर बांध से 30 क्यूसेक पानी प्रति सेकंड की स्पीड से निकासी की गई थी। इस बांध की भराव क्षमता 1860 एमसीएफटी बताई है जो शनिवार को 1600 एमसीएफटी को भी पार कर गई थी। इस बांध में से लगभग 30 एमसीएफटी पानी की निकासी की गई है अब बांध का जल स्तर 29 फुट भराव क्षमता के मुकाबले करीब 28 फुट बताया है। इस बांध से जहां किसानों की हजारों एकड़ खेती की सिंचाई की जाती है वहीं भरतपुर जिला मुख्यालय को भी पेयजल आपूर्ति की जाती है।

कृष्ण नंदोत्सव मनाया

भरतपुर (निस)। खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा कृष्ण नंदोत्सव कार्यक्रम अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल की अध्यक्षता में खंडेलवाल धर्मशाला में किया गया। महामंत्री सोनू खंडेलवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति महिला मंडल ने इस वर्ष भी बड़ी ही धूमधाम से नंद उत्सव कार्यक्रम किया गया। मंडल द्वारा भजन मंडली के द्वारा कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना के साथ किया एवं संत सुंदर दास को माल्या अर्पण करने के पश्चात मंडली द्वारा भगवान श्री कृष्णा के भजन गाए सखियां ने कौन सी में मार दिया री टोना एवं नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की आदि गानों पर नृत्य किया एवं भगवान के भजनों का आनंद लिया कान्हा जी को माखन मिश्री का भोग लगाने के पश्चात सभी बहनों ने स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन समापन किया कार्यक्रम का समापन किया स कार्यक्रम वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मेठी उपाध्यक्ष पूनम कोषाध्यक्ष सुषमा संयुक्त मंत्री परिता संगठन मंत्री वंदना सांस्कृतिक मंत्री चंचल मार्गदर्शक का शिप्रा कार्यकारिणी सदस्य अनीता सलोनी कल्पना बबीता शशि अंजू रजनी शालिनी तांबी सरोज लोहिया पूजा नेहा रश्मि चंद्रकांता नीरू कांता मोनिका नीतू सुमन राधा सरोज ममता वीना रितु रुचि दीपिका विमला साधना शशि महक आदि महिला मंडल की बहने मौजूद रही

ट्रायल 3 सितम्बर को

गंगापुर सिटी । राजस्थान क्रिकेट संघ जयपुर की ओर से आगामी 1० सितम्बर को सीनियर महिला टी-20 मैच का आयोजन किया जायेगा। जिला क्रिकेट संघ सवाईमाधोपुर के सह सचिव सूर्यप्रकाश शर्मा ने बताया की महिला टी-20 प्रतियोगिता के लिए एक दिवसीय ट्रायल का आयोजन 3 सितम्बर को रेलवे चर्च ग्राउंड पर, साय 3 बजे रखा गया है जिसमे इक्छुक प्रतिभागी भाग लेने के लिए मैदान पर उपस्थित हो सकते है। जिन भी खिलाडियों का रजिस्ट्रेशन है आरसीए मे उन्हें कराने की जरूरत नहीं है, बाकी नए खिलाडियों का रजिस्ट्रेशन समस्त दस्तावेजो के साथ किया जायेगा, जिसमे आधार कार्ड स्वयं व माता पिता का, जन्मप्रमाण पत्र, मूलनिवास, पिछले तीन वर्षो की मार्कशीट साथ में लानी होगी। सचिव डॉ दीपक राज ने बताया की चयन समिति में मनोज बंसल, अभिताब सिंह राठौड, एनोस हरमन, सफी मोहम्मद, अमित चौधरी होंगे।

निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजीत

गंगापुर सिटी । सक्षम टीम के तत्वाधान में राष्ट्रीय नेत्रदान एवं नेत्र सुरक्षा पखवाडे के तहत जांच शिविर का आयोजन किया गया। सक्षम राजस्थान महिला प्रकोष्ठ प्रभारी व संयोजिका डा सरिता बंसल ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा नीलम मीना, सोमदेव महरवाल एवं दिव्यांग सेवा केन्द्र कृष्ण बल्लभ शर्मा ने भारत मां, सूरदास महाराज एवं अष्टावक्र महाराज की प्रतिमा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। शिविर में 71 दिव्यांग जनो की जांच कर चश्मे का वितरण किया गया। शिविर में डॉ रिया गुप्ता, गीता महरवाल, शिप्रा गोयल, मयंक महरवाल, राधा दीक्षित, कृष्ण,बलराम शर्मा, अंजू गुप्ता, विजय सहित समस्त सक्षम सदस्य मौजूद रहे।

गायों को चारा खिलाकर मनाया जन्म दिन

करौली(नि.स.)। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने करौली धौलपुर लोकसभा के प्रभारी मंत्री एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम के जन्मदिन के उपलक्ष में गौशाला में गायों को घास खिलाकर जन्म दिन मनाया। मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि भाजपाइयों ने प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेड़म के जन्मदिन के उपलक्ष में गौशाला में जाकर गायों को घास खिलाया एवं प्रभारी मंत्री के दीर्घायु की एवं स्वस्थ रहने की कामना कि इस दौरान जिला महामंत्री धीरेंद्र बैंसला ,विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी, महिला मोर्चा विधानसभा संयोजक विद्या वैष्णव आदि मौजूद रहे।

डायबिटीज चेकअप कैंप का आयोज